wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-35 सागवाड़ा, बुधवार,29 सितम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## जिला प्रमुख पर समय पर सूचना नहीं मिलने, पूर्व में अनुमोदित प्रस्तावों की जानकारी नहीं देने व सदस्यों की उपेक्षा का आरोप

### जिला परिषद की बैठक का पहले बहिष्कार फिर विधायकों की समझाईश के बाद हुई बैठक

**डूंगरपुर।** जिला परिषद की साधारण सभी की विशेष बैठक का आज जिला परिषद सदस्यों ने बहिष्कार कर दिया। जिसके चलते विशेष बैठक नहीं हो सकी। बैठकों की समय पर सुचना नहीं मिलने, पूर्व में अनुमोदित प्रस्तावों की जानकारी नहीं देने व सदस्यों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए सदस्य उप जिला प्रमुख सुरता परमार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट गार्डन में जाकर बैठ गए। इस दौरान जिला प्रमुख सूर्या अहारी भी सदस्यों को मनाने के लिए पहुंची लेकिन जिला प्रमुख के समक्ष भी उनके व्यवहार को लेकर सदस्यों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। इस मौके पर सदस्यों ने आरोप लगाते हुआ कहा की जिला परिषद की होने वाले बैठको



की उन्हें समय पर सुचना नहीं दी जाती , वही बैठको में जिन कार्यो के प्रस्ताव अनुमोदित किया जाता है उन कार्यो की जानकारी भी सदस्यों को नहीं दी जाती। वही सदस्य जनता से जुड़े जिन कार्यो को लेकर आते है तो जिला प्रमुख व अधिकारीयो द्वारा उन कार्यो की स्वीकृति तक नहीं निकालकर सदस्यों की उपेक्षा करते है। इधर जिला नाराज जिला परिषद सदस्य कलेक्ट्रेट के गार्डन के बैठे रहे तो वही जिला प्रमुख, जिला परिषद सीईओ व विभागीय अधिकारी जिला परिषद सभागार में सदस्यों का बैठक में आने का इन्तजार करते रहे। इसके बाद दोनों विधायकों की समझाईश के बाद बैठक शुरू हुई।

## राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह सहित 5 लोगो के खिलाफ कूट रचित दस्तावेज तैयार कर 40 बीघा जमीन हड़पने का मामला दर्ज

### कोर्ट के इस्तगासे पर राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह, तत्कालीन डूंगरपुर तहसीलदार, मांडवा खापरडा पटवारी, सरपंच और ग्राम सचिव के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज

**डूंगरपुर।**

जिले के कोतवाली थाने में राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह सहित 5 लोगो के खिलाफ कूट रचित दस्तावेज तैयार कर 40 बीघा जमीन हड़पने का मामला दर्ज हुआ है। वही मामले की जांच अब सीआईडी सीबी करेगी। कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान ने बताया की शहर के लालपुरा निवासी सलीम ने कोर्ट के इस्तगासे पर राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह, तत्कालीन डूंगरपुर तहसीलदार, मांडवा खापरडा पटवारी, सरपंच और ग्राम सचिव के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया की इस्तगासे में पीड़ित परिवादी सलीम ने बताया की वर्ष 1965 में डूंगरपुर महारावल के सेकेट्री अम्बालाल पटेल से उनके पिता पीरवक्ष मेवाफरोश ने 40 बीघा जमीन खरीदी थी और 1985 को उपपंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री भी करवाई थी। लेकिन सीलिंग एक्ट लागू होने के बाद उनकी जमीन बिलानाम हो गई थी जिसके चलते



प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में अंकित नही हो सका था। इसके बाद प्रार्थी ने डूंगरपुर एसडीएम कोर्ट में खातेदारी हक के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिसमे 13 फ़रवरी 2001 को लेंड होल्डर डूंगरपुर तहसीलदार द्वारा राजकीय भूमि बताने पर डूंगरपुर एसडीएम को ने प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया था। जिसके बाद प्रार्थी ने राजस्व अपील अधिकारी डूंगरपुर के समक्ष अपील की जिसमे 14 अगस्त 2001 को राजस्व अपील अधिकारी ने डूंगरपुर एसडीएम कोर्ट के निर्णय को खारिज करते हुए रजिस्ट्रेड दस्तावेजो के आधार पर प्रार्थी को हिस्सेदार काश्तकार घोषित किया था। वही इस निर्णय के बाद डूंगरपुर तहसीलदार के राजस्व मंडल अजमेर में अपील की थी। जिसमे राजस्व मंडल अजमेर ने तहसीलदार की अपील को खारिज कर दिया था। जिसके बाद प्रार्थी ने 5 जुलाई 2004 को नामान्तरण खोलने के लिए डूंगरपुर तहसीलदार को प्रार्थना पत्र पेश किया था लेकिन रेवेन्यु बोर्ड में मामला लंबित होने का हवाला देते हुए तहसीलदार ने नामान्तरण नही खोला था। इस बीच 13 जून 2017 को राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह ने अपने प्रभाव से कूट रचित दस्तावेज तैयार कर तत्कालीन डूंगरपुर तहसीलदार, मांडवा खापरडा पटवारी, सरपंच और ग्राम सचिव से मिलीभगत कर उक्त 40 बीघा जमीन का नामान्तरण अपने नाम खुलवा लिया था। इसी मामले में पीड़ित सलीम ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस्तागासा दिया था। उसी इस्तगासे पर कोतवाली थाना पुलिस ने राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह व तत्कालीन डूंगरपुर तहसीलदार, मांडवा खापरडा पटवारी, सरपंच और ग्राम सचिव के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## रतनपुर बॉर्डर पर 6 लाख की शराब बरामद

**डूंगरपुर।**

जिले की बिछीवाड़ा थाना पुलिस की रतनपुर पुलिस चोकी ने बुधवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुजरात सीमा के पास रतनपुर बॉर्डर पर लाखों की अवैध शराब से भरा एक ट्रक पकड़ा है। मामले में पुलिस ने 6 लाख की शराब बरामद करते हुए ट्रक चालक व खलासी को गिरफ्तार किया है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह ने बताया की बुधवार को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि एक ट्रक से अवैध शराब की गुजरात तस्करी की जा रही है।

इस पर पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर दी और वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने एक ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली तो ट्रक में कपड़ो की गांठ के आड़ में अवैध शराब के कार्टन भरे हुए थे। इस पर पुलिस ने ट्रक को जब्त करते आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर चालक व खलासी को गिरफ्तार किया। वही ट्रक से शराब के 100 कार्टन बरामद किये जिनकी बाजार की कीमत करीब 6 लाख रूपये बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## बस का गेट बंद करते समय चालक को लगा करंट मौके पर ही मौत

### निजी बस 11 केवी लाइन की चपेट में आई, चालक की मौत



**सागवाड़ा।**

जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के सागवाडा नगर के बाहर सिद्धि रेजीडेंसी के पास सर्विस सेंटर पर जा रही एक निजी बस 11 केवी लाइन को छू गई गई। हादसे में करंट लगने से चालक की मौत हो गई जबकि चालक बाल-बाल बच गया। पुलिस के अनुसार आसपुर के बड़ोदा गांव निवासी चालक हितेश खलासी के साथ बस लेकर सागवाडा नगर के बाहर सर्विस सेंटर जा रहा था इस दौरान सिद्धि रेजीडेंसी के पास 11 केवी की लाइन बस को छू गई जिससे बस के करंट दौड़ गया।

करंट दौड़ते हुए एक बार तो चालक व खलासी बस से कूद गए लेकिन इस दौरान बस के गेट को बंद करते समय चालक को करंट को लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुचना पर मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई वही सागवाडा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को मौके से उठा कर सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वही पुलिस ने मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## चक्रवाती तूफान से हुए नुक़सान का आंकलन करा आमजन को आर्थिक राहत की मांग

### पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**डूंगरपुर।** गत दिनों प्रदेश भर में चले 'गुलाब' चक्रवात से आमजन को काफी नुकसान हुआ है।जिसे लेकर पूर्व सांसद ताराचन्द भगोरा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आमजन को राहत देने की मांग करि है है। पूर्व सांसद भगोरा ने लिखे पत्र में बताया कि मेरे संसदीय क्षेत्र डूंगरपुर-बांसवाड़ा में गुलाब चक्रवात से कही जगहों पर बिजली गिरने, पेड़ गिरने ओर आंधी-तूफान के कारण कई परिवारों के आशियाने भी धराशाही हुए है ऐसे में आमजन को हुए नुकसान का आंकलन करवा कर आर्थिक राहत प्रदान कराई जाएं।

## घटाउ पंचायत में सरपंच और उपसरपंच निर्विरोध निर्वाचित

**दौवड़ा।**

पंचायत समिति दौवड़ा की ग्राम पंचायत घटाउ में सरपंच रेखा देवी, उपसरपंच सूर्या रेबारी और वार्ड पंच विक्रम सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। घटाऊ पंचायत में सरपंच व सरपंच की मृत्यु के उपरांत खाली पद पर निर्विरोध चुनाव कराया गया। जिस पर पूर्व सरपंच की पत्नी को सरपंच रेखा देवी एवं सूर्या रेबारी को उपसरपंच एवं वार्ड वार्ड पंच विक्रम सिंह को निर्विरोध घोषित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सरपंच उपसरपंच एवं वार्ड पंचों को गुलाल एवं मालाओं से लाद दिया एवं बिना विवाद के ही चुनाव संपन्न होने पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी राकेश एलडीसी ज्योति वार्ड पंच दिनेश मुकेश जयंतीलाल समाजसेवी बाबूलाल वासुदेव मोतीलाल शंकर लाल कलाल वेलजी भाई पटेल मणिलाल लक्ष्मण जी भंवर लाल कटारा राजू अहारी ईश्वर रेबारी मौजूद थे।

## तेज बारिश ने फसल खराब की

**झौथरी।**

क्षेत्र के गांवों में हाल ही सप्ताह भर में हुई तूफानी बारिश के कहर ने किसानों का निवाला छीन लिया है। कुदरत के कहर के आगे किसान बेबस और लाचार है। लंबे समय से बारीश की कमी के चलते किसानों ने अपनी फसलो को जैसे तैसे संभाल कर रखा था। लेकिन सितम्बर के अंतिम पखवाडे में बारिश ने पकी हुई फसलो को बर्बाद कर रख दिया है। तूफानी बारिश से खेत भर गये और मक्का ,उडद ,सोयाबीन की पककर तैयार फसले खेतो में भरे पानी मे डूब गई। भाणासिमल गांव में बलवंत सिह झाला के सानिध्य मे सजग ग्रूप के सदस्यों द्वारा किसानो की फसलों का जायजा लिया। उन्होंने बताया की पकी हुई फसले पानी मे डूब रही है। हाल ही 15 दिनों के अंदर हुई बारिश में पूरी तरह से फसले बर्बाद हो चुकी है। फसले खराब होने से किसान बेबस व लाचार है।

## बोरी का युवक साड़ी का फंदा लगाकर लटका हुआ मिला

### सुबह दूध लेकर घर पहुंची पत्नी को पति लटका हुआ मिला

**डूंगरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बोरी ग्राम पंचायत में रहने वाला महेंद्र खराड़ी (35) उसकी पत्नी रेखा और चार बच्चे मंगलवार रात खाना खाने के बाद सो गए थे। बुधवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे महेंद्र की पत्नी रेखा उठी। तब पति और बच्चे सो रहे थे। इसके बाद पत्नी घर से कुछ दूर एक दुकान पर दूध लेने के लिए चली गई। करीब 15 मिनट बाद वापस लौटी तो पति महेंद्र घर में लकड़ी के पाट से साड़ी का फंदा लगाकर लटका हुआ था। इसे देख पत्नी के होश उड़ गए और चीखने-चिल्लाने लगी। रेखा की आवाज सुन पास में ही रहने वाली जेठानी सरपंच संगीता व उसका परिवार समेत गांव के लोग दौड़ आ गए। युवक को फंदे से



नीचे उतारकर डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक अकेला घर में कमाने वाला था। उसके चार बच्चों नेहा,तुषार,किंजल और किशन के सिर से पिता का साया उठ गया।

## किसान बोले, बारिश से सोयाबीन व मक्के की फसले बर्बाद हुई

**डूंगरपुर।** जिले के चाडोली पंचायत के किसान अपनी समस्यायों को लेकर आज कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर किसानों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। चाडोली पंचायत के सरपंच रमेश भगोरा के नेतृत्व में आये किसानों ने बताया की उनके क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से सोयाबीन व मक्के की फसले बर्बाद हो गई है। जिससे किसानो को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में किसानो ने ज्ञापन के जरिये कलेक्टर से सीमलवाडा तहसीलदार को आदेशित करते हुए नष्ट हुई फसल की क्षति आकलन व खसरा गिरदावरी करवाकर किसानो को हुए नुकसान का सम्पूर्ण आकलन कर किसानो को मुआवजा देने की मांग की है। वही इसके साथ चाडोली गाँव के तालाब से पानी निकासी के लिए ओटा बड़ा करने की मांग भी किसानो ने की है।

## पीठ के अंग्रेजी माध्यम महात्मा गांधी विद्यालय में क्रमोन्नत होने पर ग्रामीणों खुशी व्यक्त की

**सीमलवाड़ा।** बालिका माध्यमिक विद्यालय पीठ के अंग्रेजी माध्यम महात्मा गांधी विद्यालय में क्रमोन्नत होने पर ग्रामीणों व अभिभावकों ने खुशी जताते हुए अधिकारियों का आभार जताया। जिन्होंने बालिका माध्यमिक विद्यालय को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में क्रमोन्नत कराने में सहयोग किया। बालिका माध्यमिक विद्यालय पीठ के पूर्व प्रधानाध्यापक विद्युतसिंह चौहान एवं वर्तमान प्रधानाध्यापक मोहम्मद इशाक शेख का भी समस्त ग्रामवासियों ने आभार जताया। गांव के समाजसेवी राजमल कोठारी एवं पीटीए अध्यक्ष फतेह सिंह चौहान व सरपंच गंगा देवी डामोर के सानिध्य में आयोजित बैठक में अभिभावकों के मन में कुछ शंकाए जिसका समाधान किया गया। सीबीईओ लक्ष्मणलाल डामोर एवं एसीबीईओ मनोज कलाल, पीईईओ दिनेश सिंघवी ने महात्मा गांधी स्कूल से बालकों के अंग्रेजी में पढ़ाई एवं सरकार की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विद्युतसिंह चौहान ने आज के युग मे अंग्रेजी माध्यम की उपयोगिता एवं सार्थकता एवं भविष्य में होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। नई बस्ती स्कूल में रिक्त पदों को भरने की मांग रखी। बैठक में अभिभावकों ने रोष जताते हुए कहा कि बालिका स्कूल को अंग्रेजी माध्यम स्कूल में क्रमोन्नत किया है ऐसे में बालिकाओं के साथ कुठाराघात किया गया है।

## पीईइओ स्कूल मीडिया प्रभारियों की बैठक हुई

**ओबरी।** उपतहसील मुख्यालय के राउमावि में मॉनिटर केन्द्र गोवाडी की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। जिसमें केन्द्र के चौदाह पीईइओ एवं चौदाह स्कूल मीडिया प्रभारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भेमजी खांट, विशिष्ट अतिथि पीईइओ खडगदा प्रशान्त दीक्षित थे। जबकि अध्यक्षता पीईइओ ठाकरड़ा नरेन्द्र भट्ट ने की। बैठक में रैकिंग, गोद योजना प्रति शिक्षक-प्रति बालक, मीडिया प्रचार-प्रसार, नामांकन, विद्यालय साजसज्जा, शाला दर्पण पर प्रथम परख अंक भरना, प्रशासन गांवों के संग अभियान सहित कई निम्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भेमजी खांट ने राउमावि ओबरी के भामाशाह शिक्षकों का स्वागत किया।

इस अवसर पर शा. शिक्षक ओमप्रकाश पुरोहित, पीईइओ सुरेन्द्र जैन, पीईइओं विराट प्रविण जोशी, पीईइओ टामटिया लोकेश रावल सहित कई पीईइओ एवं स्कुल मीडिया प्रभारी मौजूद रहे। स्वागत पीईइओ ओबरी देवेन्द्र जैन ने, आभार प्रथम सहायक भंवरलाल कलाल ने व्यक्त किया। संचालन मुकेश भावसार एवं आशुतोष ने किया।

## आधुनिक ब्लड बैंक बनाने के लिए राज्यसभा सांसद मद से दिए साढ़े सात लाख रुपये स्वीकृत

**डूंगरपुर।**

राज्यसभा सांसद कुंवर हर्षवर्धन सिंह ने सामान्य चिकित्सालय डूंगरपुर की ब्लड़ बैंक की पुरानी प्रयोगशाला नवीनीकरण एवं आधुनिक बनाने के लिए सांसद मद से साढ़े सात लाख दिये। नगर अध्यक्ष दिलीप जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 23 सितंबर को भाजपा कार्यालय में रक्तदान के दौरान आचार्य एवं ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष वंदना सिंघल, जनसंपर्क अधिकारी पदमेश गांधी, भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप जैन द्वारा इस संबंध सांसद से चर्चा की गई। सांसद ने प्रधानमंत्री के



जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए तत्काल शिविर में लाख देने की घोषणा कर दी । ब्लड बैंक के पदमेश गांधी को 4 दशक से रक्तदान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा व्यक्त की गई एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद कनकमल कटारा, विधायक गोपीचंद मीणा, जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया, जिला प्रमुख सुर्या अहारी, सभापति अमृत कलासुआ, उपसभापति सुदर्शन जैन, जिला महामंत्री धनपाल जैन, नानूराम परमार, इंद्रवीर सिंह, प्रधान जयप्रकाश पारगी, नागिनलाल जेन, राजीव चौबीसा, शान्तिलाल पंडया, सुरेश फलोजिया, किरणेश्वर चौबीसा, बृजेश वसीटा, राजकुमारी प्रजापत, नयन सुथार, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती, जिग्नेश वैष्णव, भुपेन्द्र शुक्ला, अमित टेलर, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राज्यसभा सांसद ने उपरोक्त कार्य के लिए कार्य एजेंसी अधीक्षण अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को कार्य कराने के लिए लिखित स्वीकृति जारी कर दी गयी है।

## जयपुर एसएमएस अस्पताल के चार डॉक्टरों की टीम ने डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में तैयारियों का जायजा लिया

### कोरोना की संभावित तीसरी की तैयारियों को देखने आई डॉक्टरों की टीम

**डूंगरपुर।**

कोरोना की संभावित तीसरी की तैयारियों को लेकर सरकार से लेकर डूंगरपुर जिला प्रशासन जुटा हुआ है। इसी के तहत जयपुर एसएमएस अस्पताल के चार डॉक्टरों की एक टीम बुधवार को डूंगरपुर पहुंची ओर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तीसरी लहर की तैयारियों का जायजा लेते हुए निर्देश दिए।इस दौरान एसएमएस अस्पताल के चार विशेषज्ञ डॉ कैलाश मीणा, डॉ अभिषेक अग्रवाल, डॉ सुनील चौहान व डॉ नीता पाल की टीम ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ श्रीकांत असावा, अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर से मुलाकात करते हुए कोविड की तैयारियों का जायजा लिया। कोविड अस्पताल के बेड, आईसीयू, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर समेत स्टाफ सुविधा के बारे में जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर ने बताया की कोरोना की तीसरी लहर को लेकर 305 कोविड बेड समेत नॉन कोविड के 600 बेड है, जिसमें से 305 बेड पर ऑटोमेटिक ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा आईसीयू के 42 बेड है और 43 वेंटिलेटर लगे हुए है। कोरोना की तीसरी संभावित लहर बच्चों को लेकर जताई जा रही है ऐसे में बच्चों के 22 बेड का एसएनसीयू वार्ड तैयार है, जहां गंभीर बच्चो को भर्ती करने की सुविधा रहेगी। बच्चों के लिए 100 बेड का अलग से वार्ड भी तैयार है।इसके अलावा टीम ने ऑक्सीजन प्लांट सिस्टम, एमसीएच बिल्डिंग, जिला अस्पताल में आईसीयू वार्ड, मेडिकल यूनिट की व्यवस्थाओं को देखकर कहा कि यहां अच्छी तैयारी है।

निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरो ने व्यवस्थाओ को बेहतर बनाने के लिए प्रॉपर मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।